संख्या- 2/136एम.एस./26-2-2013

प्रेषक,

जावेद उस्मानी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग'2 लखनऊ: दिनांक: 16 सितम्बर, 2013

विषय: दिनांक 01-10-2013 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

महोदय,

कृपया माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार के संलग्न पत्र संख्या-15-39(57)/2012-13/Ag.II(Pt.I) दिनांक 26 अगस्त, 2013 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो 01 अक्टूबर, 2013 को **अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस(इन्टरनेशनल डे आफ ओल्डर पर्सन्स)** मनाये जाने के सम्बन्ध में है। भारत सरकार द्वारा इस अवसर पर दिनांक 01.10.2013 को **लब्धप्रतिष्ठ वरिष्ठ नागरिकों को वयोश्रेष्ठ सम्मान** दिये

http://shasanadesh.up.nic.in

जाने तथा इस क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को सम्मानित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

इस सम्बन्ध में राज्य सरकार से यह अपेक्षा की गयी है कि **अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस** के अवसर पर दिनांक 01 अक्टूबर, 2013 को राज्य स्तर, जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर विभिन्न विभागों यथा शिक्षा (एन0एस0एस0 यूनिट को सम्मिलित करते हुये) स्वास्थ्य, युवा कल्याण(नेहरू युवा केन्द्र) आदि के सहयोग से वर्कशाप्स, सेमिनार्स तथा जनजागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायें, जिनमें स्वैच्छिक संस्थाओं का योगदान भी प्राप्त किया जाय। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु पंचायती राज संस्थाओं तथा नगर निकायों का सहयोग भी प्राप्त किया जाय। **अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस** के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं उनका सफलतापूर्वक आयोजन कराने हेतु राज्य स्तर पर निदेशक, समाज कल्याण, मण्डल स्तर पर मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण तथा जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। अतः कृपया इस अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार कराकर जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर सफलता पूर्वक वांछित कार्यक्रम सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव

संख्या-136एम.एस.(1)/26-2-2013 तद् दिनांक

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ।

2- प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग।

3- प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग।

4- प्रमुख सचिव/सचिव, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग।

5- प्रमुख सचिव/सचिव, युवा कल्याण विभाग।

6- समस्त मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण।

7- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in